# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– **registrarsnpv@gmail.com** , वेबसाईट- **https://snpv.ac.in**


क्रमाँक. 565 / अका. / प्रवेश 2022–23 / 2022 रायगढ़, दिनाँक 23.07.2022

## –:: अधिसूचना ::–

शैक्षणिक सत्र 2022–23 में स्नातक प्रथम वर्ष एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी की गयी अधिसूचना क्रमांक 445 / अका. / प्रवेश 2022–23 / 2022 रायगढ़, दिनांक 28.06.2022 के अनुक्रम में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (C.B.S.E) के कक्षा बारहवीं (12वीं) के परीक्षा परिणाम दिनांक 22.07.2022 को घोषित होने पर छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालनार्थ सत्र 2022–23 में स्नातक प्रथम वर्ष एवं समस्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निम्नानुसार समय–सारिणी जारी की जाती है:–

## स्नातक प्रथम वर्ष एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश–प्रथम चरण

| सरल क्रमांक | विवरण | तिथि / दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | पूर्व से जारी प्रवेश पंजीयन के अनुक्रम में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से छात्र छात्रओं के प्रवेश हेतु पंजीयन (पंजीयन शुल्क 50 / – रूपये सहित) के लिए निर्धारित अंतिम तिथि | 31.07.2022, दिन रविवार रात्रि 12:00 बजे तक |
| 2 | महाविद्यालयों द्वारा प्रथम मेरिट सूची जारी किये जाने की निर्धारित तिथि | 01.08.2022, दिन सोमवार |
| 3 | विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन डैश बोर्ड द्वारा आवेदित अभ्यार्थियों की सूची प्राप्त करने की तिथि | 01.08.2022, दिन सोमवार प्रातः 10:00 बजे से |
| 4 | संबंधित महाविद्यालय द्वारा जारी प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 05.08.2022, दिन शुक्रवार |
| 5 | संबंधित महाविद्यालय में प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश उपरांत सीटें रिक्त होने पर द्वितीय मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि | 06.08.2022, दिन शनिवार |
| 6 | संबंधित महाविद्यालय द्वारा जारी द्वितीय मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 12.08.2022, दिन शुक्रवार |
| 7 | संबंधित महाविद्यालय में द्वितीय मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश उपरांत सीटें रिक्त होने पर तृतीय मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि | 13.08.2022, दिन शनिवार |
| 8 | संबंधित महाविद्यालय द्वारा जारी तृतीय मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 16.08.2022, दिन मंगलवार |

अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2022–23 में माननीय कुलपति महोदय के अनुमति से दिनांक 26.08.2022 तक महाविद्यालयों में प्रवेश दिये जाने का उल्लेख है अतः उल्लेखित प्रावधानानुसार जिन महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पर्याप्त संख्या में प्रथम चरण में आवेदन प्राप्त हुए हैं, वे महाविद्यालय नियमानुसार प्रथम चरण के अंतर्गत रिक्त सीटों की पूर्ति तक मेरिट सूची जारी कर 26.08.2022 तक प्रवेश दे सकेंगे। यदि प्रथम चरण में पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होते एवं सीटें रिक्त हो तो उस स्थिति में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा ऑनलाईन पोर्टल खोले जाने का निवेदन किये जाने पर द्वितीय चरण के अंतर्गत निम्नानुसार समय सारिणीवार ऑनलाईन पोर्टल खोला जा कर प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जा सकेगी।

## स्नातक प्रथम वर्ष एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश–द्वितीय चरण

| सरल क्रमांक | विवरण | तिथि / दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से छात्र छात्रओं के प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ होने की तिथि | 05.08.2022, दिन शुक्रवार |
| 2. | ऑनलाईन प्रवेश पंजीयन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि | 16.08.2022, दिन मंगलवार |
| 3. | विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल से महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन डैश बोर्ड से आवेदित अभ्यार्थियों की सूची प्राप्त करने की तिथि | 17.08.2022, दिन बुधवार |
| 4. | महाविद्यालयों द्वारा प्रथम मेरिट सूची जारी किये जाने की निर्धारित तिथि | 17.08.2022, दिन बुधवार |
| 5. | संबंधित महाविद्यालय द्वारा जारी प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 22.08.2022, दिन सोमवार |
| 6. | संबंधित महाविद्यालय में प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश उपरांत सीटें रिक्त होने पर द्वितीय मेरिट सूची जारी किये जाने की तिथि | 23.08.2022, दिन मंगलवार |
| 7. | संबंधित महाविद्यालय द्वारा जारी द्वितीय मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 25.08.2022, दिन गुरूवार |
| 8. | संबंधित महाविद्यालय में उपरोक्त के उपरांत भी सीटें रिक्त होने पर नियमानुसार प्रवेश तथा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 26.08.2022, दिन शुक्रवार |

उपरोक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया उल्लेखित समयावधि में महाविद्यालयों द्वारा नियमानुसार संपन्न किया जावे एवं प्रवेश दिये जाने के उपरांत प्रवेशित छात्र–छात्राओं के आई.डी. महाविद्यालय लॉगिन के माध्यम से परीक्षण उपरांत सावधानीपूर्वक लॉक किया जाना अनिवार्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधी प्राचार्य एवं उनके द्वारा नियुक्त प्रवेश प्रभारी की होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2022–23 के लिए छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांतों का अनिवार्यतः पालन करते हुए संबंधित आवेदकों के दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक परीक्षण उपरांत प्रवेश प्रक्रिया संपादित करना सुनिश्चित करेंगे।

संबंधित महाविद्यालय उपरोक्तानुसार आवश्यकता होने पर द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया हेतु महाविद्यालयों को प्रदान किये गये कॉलेज लॉगिन के माध्यम से पोर्टल रिओपन रिक्वेस्ट कर सकेंगे।

नोटः– माननीय कुलपति महोदय द्वारा सत्र 2022–23 के लिए संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यो को नियमानुसार प्रवेश हेतु दिनांक 26.08.2022 तक अधिकृत किया जाता है।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

रायगढ़, दिनांक 23.07.2022

पृ.क्र. 566 /अका./प्रवेश 2022–23/2022

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ ।
02. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. वित्ताधिकारी शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. उप कुलसचिव (परीक्षा–गोपनीय) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
05. प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
06. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी (अकादमी)